**प्रश्न संख्या 1 से 4 के लिए निर्देशः निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़िए तथा प्रश्न संख्या 1 से 4 के उत्तर इस गद्यांश के आधार पर ही दीजिएः**

प्राचीनकाल में स्वयंवर प्रथा प्रचलित थी। कन्या अपने वर का चुनाव स्वयं करती थी। उस समय दहेज प्रथा नहीं थी। माता-पिता स्नेहवश पुत्री के लिए कुछ उपहार देते थे। इसके अतिरिक्त किन्हीं क्षेत्रों में कन्या-विक्रय की पद्धति भी थी। पिता किसी व्यक्ति को अपनी कन्या देने के बदले उससे कुछ धनराशि अथवा सम्पत्ति ले लेता था। (कुछ क्षेत्रों में यह प्रथा आज भी प्रचलित है।) इस प्रथा को समाप्त करने के लिए सम-कालीन समाज सुधारकों ने कन्यादान की प्रथा चलायी। कन्यादान के साथ फलदान भी होने लगा। कन्यादान करने के लिए सुपात्र अर्थात् वर की खोज का भार पिता अथवा भाई एवं अन्य स्वजनों पर आ पड़ा। लगभग सौ वर्ष पूर्व तक दहेज प्रथा कोई विशेष महत्व नहीं रखती थी। कन्यापक्ष फलदान के समय फलों के साथ-साथ कुछ चाँदी के सिक्के भी अपनी मर्यादा के अनुसार देने लगा। पुत्री को अपने से उच्चकुल अथवा अधिक सम्पत्ति वाले के यहाँ भेजने की ललक ने फलदान को मुद्रादान में बदल दिया। अच्छे वर को पाने के लिए आपसी होड़ के कारण दहेज प्रथा ने जोर पकड़ा। वर के पिता अथवा संरक्षक को कन्या पक्ष की ओर से जब अनेक प्रलोभन दिये जाने लगे तब वर पक्ष ने अपने महत्व को समझा तथा सौदेबाजी करना प्रारम्भ कर दिया। यहीं से पुत्री अपने पिता के लिए अभिशाप बन गयी। आज वर पक्ष कन्यापक्ष से मनमानी रकम वसूलना चाहता है। अब तो स्थिति यहाँ तक आ पहुँची है कि विवाह के पश्चात् भी वधू को कुलवधू का दर्जा नहीं मिल पाता। अधिक से अधिक रकम अथवा सामान कन्या पक्ष से वसूलने के लिये वधू को वर-पक्ष द्वारा यातनायें दी जाती है। वधू की हत्या तक के अनेक मामले प्रतिदिन समाचार पत्रों में प्रकाशित होते रहते हैं। हाल ही में पश्चिमी राज्यों में मादा भ्रूण-हत्या का तथ्य प्रकाश में आया है। वास्तव में दहेज-प्रथा ने हिन्दू धर्म तथा समाज को कलंकित कर दिया है।

**1.** भारत में कन्यादान की परम्परा

(a) प्राचीन काल से प्रचलित थी।

(b) परवर्ती काल में प्रारम्भ हुई।

(c) स्वयंवर प्रथा को बदलने के लिए प्रारम्भ हुई।

(d) उपहार देने की परम्परा का एक अंग थी।

**2.** दहेज प्रथा के जोर पकड़ने का क्या कारण है?

(a) कन्या के स्वजनों द्वारा उसके लिए वर की खोज।

(b) स्वयंवर तथा कन्या-विक्रय की पद्धति की समाप्ति।

(c) कन्या के लिए अच्छा वर प्राप्त करने के लिए आपसी होड़।

(d) विवाह योग्य कन्याओं की तुलना में योग्य वरों की कम संख्या।

**3.** वर पक्ष ने विवाह के लिए सौदेबाजी करना कब प्रारम्भ किया?

(a) जब कन्या पक्ष द्वारा वर पक्ष को अनेक प्रलोभन दिये जाने लगे।

(b) जब कन्या पक्ष फलदान के समय फलों के साथ-साथ कुछ चाँदी के सिक्के भी देने लगा।

(c) जब वर पक्ष ने अपना महत्व समझ लिया।

(d) जब वर पक्ष ने योग्य वधू प्राप्त करने का प्रयास प्रारम्भ कर दिया।

**4.** पुत्री अपने पिता के लिए अभिशाप क्यों बन गई?

(a) क्योंकि उसे वर पक्ष द्वारा प्रताड़ित किया जाने लगा।

(b) क्योंकि उसकी पारिवारिक प्रतिष्ठा में ह्रास हो गया।

(c) क्योंकि दहेज के लिए उसकी हत्या की जाने लगी।

(d) क्योंकि उसके विवाह के लिए अत्यधिक दहेज की आवश्यकता पड़ने लगी।

**5.** निम्नलिखित में से कौन बहुव्रीहि समास का उदाहरण नहीं है?

(a) दशानन (b) चक्रपाणि

(c) चतुरानन (d) त्रिवेणी

**6.** 'कागज़ काला करना' मुहावरे का सर्वाधिक उपयुक्त अर्थ क्या है?

(a) अत्यधिक लिखना (b) औपचारिकता पूरी करना

(c) व्यर्थ लिखना (d) केवल आवश्यक बात लिखना

**7.** 'उपार्जित' का विपरीतार्थक शब्द है:

(a) अनार्जित (b) अनुपार्जित

(c) अर्जित (d) ग्रहीत

**8.** निम्नलिखित में से कौन सा एक शब्द तत्सम नहीं है?

(a) डंक (b) जूट

(c) दण्ड (d) तुल्य

**9.** 'अधर' के अनेकार्थी शब्दों में से निम्नलिखित में से कौन-सा एक शब्द नहीं आता?

(a) बादल (b) ओंठ

(c) अंतरिक्ष (d) तुच्छ

**10.** निम्नलिखित में से कौन-सा वाक्य शुद्ध है?

(a) अपराधी और निरपराधी में अंतर करना कठिन है?

(b) उसकी आँख से आँसू निकल पड़े।

(c) उसने पाँच कचौड़ी खायी।

(d) उसका कद मुझसे बड़ा है।

**11.** किस शब्द की वर्तनी शुद्ध है?

(a) सानंदित (b) सप्ताहिक

(c) प्रवर्तनीय (d) मान्यनीय

**12.** निम्नलिखित में से कौन-सा 'वन' का पर्यायवाची शब्द नहीं है?

(a) विपिन (b) कानन

(c) कांतार (d) हुताशन

**13.** 'वह एवरेस्ट पर चढ़ने वाला दसवाँ व्यक्ति है' – वाक्य में विशेषण का कौन-सा रूप है? निम्नलिखित में से सही उत्तर चुनें:

(a) समुदायबोधक विशेषण (b) आवृत्तिबोधक विशेषण

(c) गणनाबोधक विशेषण (d) क्रमबोधक विशेषण

**14.** 'घलची' शब्द निम्नलिखित में से किस बोली का है?
(a) बुन्देलखण्डी (b) कन्नौजी
(c) अवधी (d) ब्रज

**15.** 'परिपक्व' का विलोम क्या है?
(a) कच्चा (b) अपरिपक्व
(c) अर्धपरिपक्व (d) मिश्रित

**16.** 'बहादुर' किस विदेशी भाषा का शब्द है?
(a) तुर्की (b) फ़ारसी
(c) अरबी (d) फ्रेंच

**17.** निम्नलिखित कौन-सा शब्द विसर्ग सन्धि का उदाहरण है?
(a) निष्फल (b) अजन्त
(c) उच्चारण (d) रामेन्द्र

**18.** निम्नलिखित कौन-सा वर्ण स्पर्श व्यंजन नहीं है?
(a) क (b) ज
(c) ठ (d) ल

---

**Directions:** In question no. 19 to 21, select the related word/letters/number from the given alternatives.

निर्देश: प्रश्न संख्या 19 से 21 में, दिए गए विकल्पों में से सम्बन्धित शब्द/अक्षरों/संख्या को चुनिए।

**19.** BKLP : DNPU : : SORT : ?
(a) URVY (b) VRUX
(c) TQVX (d) UQRY

**20.** RDN : PBL : : NOS : ?
(a) LNQ (b) KMR
(c) LMQ (d) JNR

**21.** 475 : 639 : : 382 : ?
(a) 576 (b) 496
(c) 582 (d) 676

**19.** BKLP : DNPU : : SORT : ?
(a) URVY (b) VRUX
(c) TQVX (d) UQRY

**20.** RDN : PBL : : NOS : ?
(a) LNQ (b) KMR
(c) LMQ (d) JNR

**21.** 475 : 639 : : 382 : ?
(a) 576 (b) 496
(c) 582 (d) 676

**Directions:** In question nos. 22 and 23, find the odd word /number/letters from the given alternatives.

निर्देश: प्रश्न संख्या 22 और 23 में, दिए गए विकल्पों में से वे
शब्द/संख्या/अक्षरों को चुनिए।

**22.** (a) SVY (b) EMU

**22.** (a) SVY (b) EMU

# MOCK TEST /मॉक टेस्ट– 1

## Answers and Explanations

## उत्तर एवं व्याख्या

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (b) | 2. (c) | 3. (a) | 4. (d) | 5. (d) | 6. (c) | 7. (b) | 8. (a) | 9. (a) | 10. (b) |
| 11. (c) | 12. (d) | 13. (d) | 14. (c) | 15. (b) | 16. (a) | 17. (a) | 18. (d) | 19. (a) | 20. (c) |
| 21. (c) | 22. (d) | 23. (b) | 24. (c) | 25. (a) | 26. (a) | 27. (b) | 28. (d) | 29. (b) | 30. (d) |
| 31. (b) | 32. (c) | 33. (a) | 34. (c) | 35. (a) | 36. (c) | 37. (a) | 38. (d) | 39. (a) | 40. (d) |
| 41. (a) | 42. (a) | 43. (a) | 44. (a) | 45. (b) | 46. (b) | 47. (c) | 48. (d) | 49. (d) | 50. (d) |
| 51. (d) | 52. (c) | 53. (b) | 54. (a) | 55. (d) | 56. (b) | 57. (b) | 58. (a) | 59. (d) | 60. (b) |
| 61. (a) | 62. (a) | 63. (b) | 64. (a) | 65. (b) | 66. (b) | 67. (b) | 68. (a) | 69. (b) | 70. (b) |
| 71. (c) | 72. (c) | 73. (a) | 74. (b) | 75. (b) | 76. (d) | 77. (a) | 78. (a) | 79. (c) | 80. (b) |
| 81. (d) | 82. (d) | 83. (b) | 84. (b) | 85. (b) | 86. (d) | 87. (a) | 88. (d) | 89. (c) | 90. (a) |
| 91. (d) | 92. (c) | 93. (b) | 94. (c) | 95. (a) | 96. (d) | 97. (b) | 98. (a) | 99. (d) | 100. (b) |

2.4

**प्रश्न संख्या 1 से 4 के लिए निर्देशः** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़िए तथा प्रश्न संख्या 1 से 4 के उत्तर इस गद्यांश के आधार पर ही दीजिए:

यूक्रेन के वर्तमान संकट को 1991 में सोवियत संघ के विघटन का परिणाम माना जा सकता है। यूक्रेन की वर्तमान सरकार व उसके राष्ट्रपति तुर्चीनव पश्चिमी देशों व अमेरिका द्वारा समर्थित हैं। वर्तमान सरकार यूरोपीय देशों के साथ घनिष्ठ सम्बन्धों की पक्षधर है। यूक्रेन यूरोपियन यूनियन के साथ पश्चिमी देशों के सैनिक संगठन नाटो की भी सदस्यता प्राप्त करना चाहता है। रूस यूक्रेन की इस नीति का विरोधी है, क्योंकि उसका मानना है कि उसके पड़ोसी देश यूक्रेन में नाटो सेनाओं की उपस्थिति उसकी सुरक्षा व सामरिक हितों के लिए घातक है। इससे पूर्व पूर्वी यूरोप स्थित पोलैण्ड व चेक गणराज्य में अमरीका द्वारा मिसाइल प्रतिरक्षा प्रणाली स्थापित करने का प्रयास किया गया था जिसे रूस ने अपने सुरक्षा हितों के विरुद्ध मानते हुए इसका विरोध किया था। रूस के विरोध के कारण 2010 में अमरीका ने प्रतिरक्षा प्रणाली को स्थगित कर दिया था। इसी के बाद ही रूस ने अमरीका के साथ नई स्टार्ट सन्धि पर हस्ताक्षर किए थे। अब अमरीका व पश्चिमी देश यूक्रेन को यूरोप की आर्थिक व सैन्य व्यवस्था से जोड़कर उसे अपने प्रभाव क्षेत्र में लेना चाहते हैं तथा रूस अपने सामरिक हितों की रक्षा के लिए पश्चिमी देशों की इस चाल का विरोध कर रहा है। इन विरोधी हितों के चलते यूक्रेन में राजनीतिक संकट गहरा गया है तथा यह गृह युद्ध की चपेट में आ गया है। यूक्रेन के गृह युद्ध में एक पक्ष पश्चिमी देशों द्वारा समर्थित है, जबकि दूसरा पक्ष रूस द्वारा समर्थित है। यह गृह युद्ध जहाँ एक ओर यूक्रेन के विभाजन को जन्म दे सकता है, वहीं दूसरी ओर रूस तथा पश्चिमी देशों के मध्य तनावों को बढ़ाकर नए शीत युद्ध को जन्म दे सकता है। मार्च 2014 में पहले ही क्रीमिया क्षेत्र यूक्रेन से अलग होकर रूस में शामिल हो गया है। दोनों ही स्थितियाँ क्षेत्रीय व वैश्विक शान्ति व स्थिरता के लिए घातक हैं।

1. यूक्रेन के वर्तमान संकट को किस घटना का परिणाम माना जा सकता है?
   (a) यूक्रेन की महत्त्वाकांक्षा का।
   (b) नाटो की विस्तारवादी नीति का।
   (c) यूरोपियन यूनियन तथा यूक्रेन के गठबंधन का।
   (d) सोवियत संघ के विघटन का।

2. रूस यूक्रेन द्वारा नाटो की सदस्यता प्राप्त करने के प्रयास का विरोधी क्यों है?
   (a) क्योंकि इससे नाटो की शक्ति में वृद्धि हो जायेगी।
   (b) क्योंकि अतीत में यूक्रेन सोवियत संघ का हिस्सा था।
   (c) क्योंकि रूस अपने पड़ोसी देश में नाटो सेनाओं की उपस्थिति अपने समरिक हितों के लिए घातक मानता है।
   (d) क्योंकि इससे अमरीका यूक्रेन में मिसाइल प्रतिरक्षा प्रणाली स्थापित कर सकता है।

3. यूक्रेन में राजनीतिक संकट गहराने का क्या कारण है?
   (a) रूस द्वारा अमरीका तथा पश्चिमी देशों का हर हाल में विरोध करना।
   (b) यूक्रेन को लेकर अमरीका व पश्चिमी देशों तथा रूस के हितों में परस्पर विरोध।
   (c) क्रीमिया का यूक्रेन से निकलकर रूस में शामिल हो जाना।
   (d) रूस के विरोध के कारण अमरीका द्वारा पोलैण्ड और चेक गणराज्यों में मिसाइल प्रतिरक्षा प्रणाली की स्थापना का प्रयास स्थगित कर देना।

4. यूक्रेन के गृहयुद्ध का/के क्या संभावित परिणाम हो सकता है/सकते हैं?
   1. यूक्रेन का विभाजन
   2. नये शीत युद्ध का जन्म
   3. क्रीमिया का रूस से अलगाव
   4. वैश्विक शान्ति व स्थिरता के लिए खतरा

   निम्नलिखित कूटों की सहायता से सही उत्तर चुनिए:
   (a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2, 3 और 4
   (c) केवल 1, 2 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4

5. 'यथाविधि' शब्द किस समास का उदाहरण है?
   (a) द्वन्द्व (b) द्विगु
   (c) तत्पुरुष (d) अव्ययीभाव

6. 'अटका बनिया देय उधार' लोकोक्ति का क्या अर्थ है?
   (a) व्यापारी दबाव डालने पर ही उधार देता है।
   (c) अपनी गरज होने पर दबना पड़ता है।
   (c) बनिया जब अटकता है तो उधार देने लगता है।
   (d) किसी से उधार पाने के लिए उस पर दबाव डालना चाहिए।

7. 'सुकृति' का विपरीतार्थक शब्द है:
   (a) विकृति (b) आकृति
   (c) दुष्कृति (d) अपकृति

8. निम्नलिखित में से कौन सा एक शब्द तत्सम् नहीं है?
   (a) जड़ (b) जटा
   (c) जागरण (d) दाह

9. 'औलाद' किस विदेशी भाषा का शब्द है?
   (a) अरबी (b) फ़ारसी
   (c) तुर्की (d) चीनी

10. 'अक्ष' के अनेकार्थी शब्दों में से निम्नलिखित में से कौन सा एक शब्द नहीं है?
    (a) धुरी (b) घोड़ा
    (c) गाड़ी (d) सर्प

**11.** निम्नलिखित में से कौन सा वाक्य शुद्ध है?

(a) मैंने मेरा काम कर लिया।

(b) प्रकृति की सुन्दरताओं ने मेरा मन मोह लिया।

(c) वह खाई बहुत गहरी थी।

(d) कुर्सी को यहाँ रखो।

**12.** निम्नलिखित किस शब्द की वर्तनी शुद्ध है?

(a) अश्विनी (b) पिशाचिनी

(c) भुजंगिनी (d) चातकी

**13.** निम्नलिखित में से कौन सा 'मुंह' का पर्यायवाची नहीं है?

(a) वदन (b) आनन

(c) आस्य (d) विद्रुम

**14.** 'यह मेरी पुत्री है' – इस वाक्य में सर्वनाम का कौन सा रूप है? निम्नलिखित में से सही उत्तर चुनें:

(a) सम्बन्ध वाचक सर्वनाम

(b) निजवाचक सर्वनाम

(c) निश्चयवाचक सर्वनाम

(d) अनिश्चियवाचक सर्वनाम

**15.** 'सूतल' शब्द निम्नलिखित में से किस बोली का है?

(a) अवधी (b) भोजपुरी

(c) कन्नौजी (d) ब्रज

**16.** 'अधोमुखी' का विलोम क्या है?

(a) ऊर्ध्वमुखी (b) पूर्णमुखी

(c) पतितमुखी (d) म्लानमुखी

**17.** 'कहेउ लखन मुनि सील तुम्हारा। को नहिं जान विदित संसारा' में निम्नलिखित कौन सा अलंकार है?

(a) श्लेष (b) वक्रोक्ति

(c) रूपक (d) व्यतिरेक

**18.** निम्नलिखित में से कौन स्वर सन्धि का उदाहरण है?

(a) उल्लेख (b) षडानन

(c) निष्पाप (d) विद्यालय

## MOCK TEST /मॉक टेस्ट– 2

## Answers and Explanations

### उत्तर एवं व्याख्या

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (d) | 2. (c) | 3. (d) | 4. (c) | 5. (d) | 6. (b) | 7. (c) | 8. (a) | 9. (a) | 10. (b) |
| 11. (c) | 12. (d) | 13. (d) | 14. (c) | 15. (b) | 16. (a) | 17. (b) | 18. (d) | 19. (a) | 20. (d) |
| 21. (d) | 22. (c) | 23. (c) | 24. (c) | 25. (d) | 26. (d) | 27. (b) | 28. (d) | 29. (c) | 30. (b) |
| 31. (b) | 32. (a) | 33. (c) | 34. (b) | 35. (c) | 36. (b) | 37. (a) | 38. (b) | 39. (a) | 40. (c) |
| 41. (d) | 42. (c) | 43. (c) | 44. (d) | 45. (d) | 46. (a) | 47. (b) | 48. (c) | 49. (b) | 50. (c) |
| 51. (a) | 52. (b) | 53. (b) | 54. (a) | 55. (a) | 56. (b) | 57. (b) | 58. (b) | 59. (d) | 60. (d) |
| 61. (c) | 62. (b) | 63. (c) | 64. (c) | 65. (d) | 66. (a) | 67. (b) | 68. (c) | 69. (c) | 70. (d) |
| 71. (d) | 72. (b) | 73. (a) | 74. (c) | 75. (d) | 76. (c) | 77. (b) | 78. (d) | 79. (c) | 80. (d) |
| 81. (a) | 82. (a) | 83. (c) | 84. (b) | 85. (c) | 86. (c) | 87. (d) | 88. (a) | 89. (d) | 90. (c) |
| 91. (b) | 92. (a) | 93. (b) | 94. (a) | 95. (d) | 96. (b) | 97. (a) | 98. (c) | 99. (d) | 100. (d) |